


# गैनडिग्री मेरी नज़र में, फिबो नंबर्स के साथ

**गैनडिग्री,** जिसका ज्ञान मुझे मेरे गुरु जी श्री राजू चौकसे जी से मिला था। राजू सर हम सब के या फिर यूं कहूँ पूरी ए.आई.एफ. फैमिली के ही गुरु हैं। गैनडिग्री एक बहुत बेहतरीन टूल है किसी भी मार्केट के आगे के लेवेल्स का पता लगाने के लिए। गैनडिग्री का उपयोग तेजी और मंदी दोनों ही मार्केट में बड़ी आसानी से किया जा सकता है। गैनडिग्री और फिबोनंबर्स ने मेरी ट्रेडिंग को बहुत ही आसान बना दिया है, यहां जो भी बातें मैं शेयर कर रहा हूँ वो सब मेरे मार्केट के व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर शेयर कर रहा हूँ।

गैनडिग्री में या फिर यूँ कहूँ कि पूरे मार्केट में ट्रेंड का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है

ट्रेंड की दिशा में अगर हम कोई सौदा करते हैं तो उसके सफल होने के चांस ज्यादा होते हैं और अगर हम ट्रेंड के साथ गैनडिग्री और फिबो नंबर्स का कॉम्बिनेशन मिला लेते हैं तो उस ट्रेंड के सफल होने के चांस और ज्यादा बढ़ जाते हैं।

- ✓ गैनडिग्री का उपयोग मैं एक राउंड में 45डिग्री से 1080 डिग्री तक करता हूँ और इसके उपयोग 1080 डिग्री के मल्टीपल में आगे तक भी किया जा सकता है।
- ✓ गैनडिग्री का उपयोग मैं स्विंग हाई-लो का पूर्वानुमान करने के लिए, स्टॉप लॉस का पता लगाने, ट्रेंड चेंज का संकेत समझने और क्वांटिटी को कम ज्यादा करने के लिए करता हूँ।
- ✓ ट्रेंड के फेवर में क्वांटिटी हमेशा ज्यादा और ट्रेंड के विपरित (स्विंग हाई-लो पर) में क्वांटिटी बहुत कम रखता हूँ।

### ट्रेंड के फेवर में ग्रैनडिग्री का उपयोग

अप/डाउन ट्रेंड में जब मार्केट 45 डिग्री से होता हुआ 90 डिग्री को क्रॉस करता है तो पहला ट्रेड लिया जाता है क्वांटिटी होती है 25%, 180 डिग्री को क्रास करने पर 50% क्वांटिटी और ऐड करी जाती है, 360 डिग्री पर 50% क्वांटिटी में प्रॉफिट बुक किया जाता है, 405 डिग्री क्रॉस करने पर बुक की हुई 50% क्वांटिटी वापस ऐड करी जाती है और 720 से 900 डिग्री के बीच में फुल प्रॉफिट बुक किया जाता है।

### 180 डिग्री का महत्व

गैन की 180 डिग्री को मैं ट्रेंड चेंज लेवल मानता हूँ, अपट्रेंड में अगर मार्केट स्विंग हाई लगाकर 180 डिग्री के नीचे ट्रेड करने लगता है तो बाय के ट्रेड से फुल एग्जिट करना पड़ता है और डाउन ट्रेड में अगर मार्केट स्विंग लो लगाकर 180 डिग्री के ऊपर आता है तो सेल के ट्रेड को फुल एग्जिट करना पड़ता है।

### ग्रैनडिग्री और फिबो नंबर्स का कॉम्बिनेशन

90, 180 और 405 डिग्री के साथ अगर फिबो का 38.20 या 50% का लेवल जहां भी मैच हो वहां अच्छी क्वांटिटी में ट्रेड किया जाता सकता है, जैसे जब भी स्विंग बॉटम बनाकर मार्केट 180 डिग्री के ऊपर और साथ में 38.20 या 50% के ऊपर आता है तो ये बाय का एक अच्छा

कॉम्बिनेशन होता है, ठीक इसी प्रकार स्विंग हार्स बनाने के बाद जब भी मार्केट 180 डिग्री के नीचे आता है और साथ में 38.20 या 50% के नीचे आता है तो ये सेल का अच्छा ट्रेड माना जाता है।

**चित्र 1**



चित्र 1 ऊपर स्पॉट निफ़्टी का डेली चार्ट है,पिछले साल निफ़्टी में 18350 के लेवल से एक अच्छा करेक्शन देखने को मिला और निफ़्टी ने 16837 का एक बॉटम बनाया, तो 18350 से 16837 रेंज का 38.2% होता है, 17415, अब गैन डिग्री में 16837 के बॉटम से 405 डिग्री होता है तो 17426, यहाँ पर फिबो के 38.2% और गैन की 405 डिग्री का एक अच्छा कॉम्बिनेशन मिल रहा है इसीलिए हम 17426 के ऊपर एक फ्रेश बाय का ट्रेड ले सकते हैं और उसके बाद निफ़्टी ने 17794 का हाई बनाया।

**चित्र 2**



**जिंक डेली चार्ट 38.2, 50% विथ गैनडिग्री कॉम्बिनेशन**

### 38.2 % का जादू

एसबीआई मंथली चार्ट (373.80-149.50)
सोया तेल मंथली चार्ट (1475-687.20)
ग्वारसीड मंथली चार्ट (8175-3178)
ग्वारगम मंथली चार्ट (11424-4664)
निफ़्टी स्पॉट मंथली चार्ट (775.43-12430.50)

**नोट :** ऊपर आइटम्स की जो प्राइस रेंज दी गई है इसी रेंज में मैंने फिबोरिट्रेसमेंट लगाया है, और हम देखते हैं कि फिबो के 38.2 % लेवल के करीब ही ऊपर लिखे आइटम्स में कुछ न कुछ प्राइस रिवर्सल देखने को मिला है। इस को हम नीचे दिए गए ग्वारगम के चार्ट द्वारा उदाहरण से समझ सकते हैं।

ऊपर ग्वारगम का मंथली चार्ट है, इसमें अप्रैल 2020 के लो 4664 बॉटम से अगस्त 2021 के हाई 11424 की रेंज ली गई है। 4664 का बॉटम बनाने के बाद ग्वारगम ने पहले राउंड में 11424 का हाई बनाया, और 11424 का हाई बनाने के बाद इसमें एक अच्छी प्रॉफिट बुकिंग देखने को मिली और ग्वारगम ने उसके बाद 8841 का एक बॉटम बनाया। जब मैंने 11424 के हाई से फिबो के 38.2% की कैलकुलेशन की तो उसकी वैल्यू आई बराबर 8841, और फिर 8841 का बॉयम बनाने के बाद ग्वारगम में 13698 का एक नया हाई बनाया, तो यही है फिबो के 38.2 % का मैजिक।

**एसबीआई का मंथली चार्ट 38.2%**



**नफ़्टी मंथली चार्ट 38.2%**

61.8% से 78.6 % के फिबो लेवेल्स फुल प्रॉफिट बुकिंग और फ्रेश अपोजिट डायरेक्शन का ट्रेड लेने के लिए यूज किया जा सकता है। (निफ़्टी इयर लो चार्ट 775.43-6357.10), सिल्वर डेली चार्ट 67446-60012)





गैन रोडमैप के हिसाब से गैन की 900 डिग्री से 1080 डिग्री के बीच में ट्रेंड रिवर्सल देखने को मिल सकता है। 18 जनवरी 2022 निफ़्टी स्पॉट का हाई लगा 18351, अब 18351 के हाई से हम डायनामिक स्क्वायर ऑफ़ नाइन की मदद से निफ़्टी का डाउन साइड का रोडमैप बनाते है, इसे हम नीचे दिए गए उदाहरण की मदद से आसानी से समझ सकते हैं, 18351 के हार्स से डाउन साइड में 1080डिग्री होता है 16761 और 25 जनवरी 2022 को स्पॉट निफ्टी का लो लगा 16836 और उसके बाद निफ़्टी ने 17794 का हाई लगाया, इसका मतलब ये हुआ कि निफ़्टी 1080 डिग्री के करीब से ही रिवर्स हुई। (टेबल 1)

नोट : नीचे दिए टेबल में गैनडिग्री कैल्कयूलेट की गयी है, पहले कोलम में प्राइस, दूसरे में डिग्री, तीसरे में उसके प्राइस का स्क्वेयर रूट, चौथे में फ़ैक्टर दिया गया है,

पाँचवे कॉलम में तीसरे कॉलम की वैल्यू में से चौथे कॉलम की वैल्यू को घटाया गया है और स्क्वेयर रूट में से फ़ैक्टर घटाकर बची वैल्यू लिखी है। छठे कॉलम में पाँच वे कॉलक की वैल्यू का स्क्वेयर किया गया है और प्राइस निकला गया है।

**टेबल 1**

| 18/01/2022 | | | factor | | down |
|---|---|---|---|---|---|
| 18351 | 45 | 135.4659 | 0.25 | 135.2159 | 18283.33 |
| | 90 | 135.4659 | 0.5 | 134.9659 | 18215.76 |
| | 135 | 135.4659 | 0.75 | 134.7159 | 18148.36 |
| | 180 | 135.4659 | 1 | 134.4659 | 18081.07 |
| | 225 | 135.4659 | 1.25 | 134.2159 | 18013.9 |
| | 270 | 135.4659 | 1.5 | 133.9659 | 17946.85 |
| | 315 | 135.4659 | 1.75 | 133.7159 | 17879.93 |
| | 360 | 135.4659 | 2 | 133.4659 | 17813.14 |
| | 405 | 135.4659 | 2.25 | 133.2159 | 17746.47 |
| | 450 | 135.4659 | 2.5 | 132.9659 | 17679.92 |
| | 495 | 135.4659 | 2.75 | 132.7159 | 17613.5 |
| | 540 | 135.4659 | 3 | 132.4659 | 17547.2 |
| | 585 | 135.4659 | 3.25 | 132.2159 | 17481.03 |
| | 630 | 135.4659 | 3.5 | 131.9659 | 17414.99 |
| | 675 | 135.4659 | 3.75 | 131.7159 | 17349.07 |
| | 720 | 135.4659 | 4 | 131.4659 | 17283.27 |
| | 765 | 135.4659 | 4.25 | 131.2159 | 17217.6 |
| | 810 | 135.4659 | 4.5 | 130.9659 | 17152.06 |
| | 855 | 135.4659 | 4.75 | 130.7159 | 17086.64 |
| | 900 | 135.4659 | 5 | 130.4659 | 17021.34 |
| | 945 | 135.4659 | 5.25 | 130.2159 | 16956.17 |
| | 990 | 135.4659 | 5.5 | 129.9659 | 16891.13 |
| | 1035 | 135.4659 | 5.75 | 129.7159 | 16826.21 |
| | 1080 | 135.4659 | 6 | 129.4659 | 16761.41 |

**स्टॉपलॉस :** जिस भी डिग्री के ऊपर या नीचे हम बाय या सेल का ट्रेड ले रहे हैं उससे 2 डिग्री नीचे या ऊपर का स्टॉप लॉस लिया जा सकता है। जैसे 180 डिग्री के ऊपर निकलने पर हम फ्रेश बाय का ट्रेड लेते है तो हमारा बाय का स्टॉप लॉस होगा 90 डिग्री के नीचे का, ठीक उसी प्रकार जब हम 405 डिग्री के नीचे फ्रेश सेल का ट्रेडलेते हैं तो हमारा स्टॉप लॉस होता है 315 डिग्री के ऊपर का। मतलब स्टॉप लॉस बाय के केस में हमेशा 90 डिग्री नीचे का होगा और सेल के केस में 90 डिग्री ऊपर का होगा।

**अमित खरे**

## About the Author

Amit Khare is working as AVP - Research at Ganganagar Commodity Ltd Jaipur. Amit completed his CFA (Chartered Financial Analyst) from ICFAI University, Hyderabad, M. Com. and MA (Eco.) from DAVV Indore. He has overall experience of 10+ years in Commodity and Equity research in various leading broking houses. Amit has been writing his views in various business web portals live Moneycontrol, NDTC, news18, CNBCTV18, moltolindia. He also shares his outlook on commodity market on various business news channels like Zee business, ETnow. Amit became interested in the concept of W.D. Gann in the year of 2014 and started exploration of related concepts. His research is based on Candlestick, Gann Theory, Fibo numbers and RSI. He is an active member of the Advanced InvestTrade Forum since 2014.





Disclaimer
The views of the author are personal, and AIF does not endorse the systems / theories / formulae etc. shared by the author. Advanced InvesTrade Forum does not undertake any responsibility regarding the originality/authenticity/accuracy of the article. Please consult your financial advisor before taking trading / investing decision.